# प्लास्टिक उत्पादों के लिए 100 एकड़ में पार्क बनेगा

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के आने के बाद उद्यमियों के लिए यह क्षेत्र मुफीद बन गया है। निवेशकों की मांग पर यमुना प्राधिकरण ने 100 एकड़ में प्लास्टिक प्रोसेसिंग पार्क विकसित करने का फैसला किया है। यहां पर प्लास्टिक उत्पाद बनेंगे। इससे जुड़े उद्यमियों से प्राधिकरण ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट आने के बाद इस दिशा में आगे की कार्रवाई होगी।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में उद्योगों को क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्राधिकरण क्षेत्र में हैंडीक्राफ्ट पार्क, एमएसएमई पार्क, अपैरल पार्क, डाटा सेंटर पार्क, इलेक्ट्रिक व्हीकल सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय सिटी आदि को विकसित करने का काम चल रहा है। कुछ पार्कों में जमीन का आवंटन हो चुका है। कुछ में यह प्रक्रिया जारी है। ऑल इंडिया प्लास्टिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पिछले दिनों यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर से मुलाकात की।